एमएमएमयूटी ने सत्र 2017-18 के प्रवेश परीक्षा की तिथि में किया आंशिक बदलाव

एमटेक व पीएचडी प्रवेश परीक्षा 28 मई को

गोरखपुर | कार्यालय संवाददाता

मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विवि (एमएमएमयूटी) ने सत्र 2017-18 में प्रवेश परीक्षा की तिथि में आंशिक बदलाव किया है। अब एमटेक व पीएचडी के पाठ्यक्रमों के प्रवेश की परीक्षा 28 मई को होगी। इसके अलावा बीटेक, एमसीए व एमबीए की प्रवेश परीक्षा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 17 मई को ही होगी।

एमएमएमयूटी के कुलसचिव ने बताया कि प्रवेश परीक्षा पूर्व निर्धारित शहर लखनऊ में होगी। पहले सभी परीक्षाएं 17 मई को ही तय थीं मगर बाद में एमटेक व पीएचडी में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों की उचित मांग को देखते हुए इसे टाल कर 28 मई किया गया है। प्रवेश परीक्षा में भाग लेने के इच्छुक विद्यार्थी विस्तृत जानकारी व ऑनलाइन आवेदन के लिए 10 अप्रैल तक एमएमएमयूटी की वेबसाइट www. mmmut. ac. in देख सकते हैं।

बदलाव

- कुलसचिव ने बताया, लखनऊ में होगी प्रवेश परीक्षा
- छात्रों की मांग को देखते हुए विवि प्रशासन ने लिया निर्णय

राजकीय दृष्टिबाधित बालिका कॉलेज में प्रवेश शुरू

गोरखपुर। स्पर्श राजकीय दृष्टिबाधित बालिका इण्टर कॉलेज में नए सत्र 2017-18 में प्रवेश के लिए नामांकन का कार्य प्रारम्भ हो गया है। दृष्टिबाधित छात्राएं किसी भी कार्य दिवस के दिन सुबह 10 से दोपहर 2 बजे के बीच नि:शुल्क आवेदन पत्र ले सकती हैं। यह जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य लक्ष्मीशंकर जायसवाल ने दी। उन्होंने कहा कि नार्मल कैम्पस स्थित दृष्टिबाधित बालिका विद्यालय में कक्षा एक से 12 तक की दृष्टिबाधित छात्राओं को नि:शुल्क शिक्षा दी जाती है।

एमपी पीजी की प्रायोगिक परीक्षा आठ से

महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज जंगल धूसड़ में बीएससी भाग तीन कम्प्यूटर साइंस एवं बीए व बीएससी भाग दो रक्षा अध्ययन की प्रायोगिक परीक्षा 8 मार्च को, बीएससी भाग तीन भौतिक विज्ञान की परीक्षा 14 मार्च को, बीएससी भाग एक भौतिक विज्ञान की परीक्षा 15 मार्च को और बीएससी भाग दो भौतिक विज्ञान की प्रायोगिक परीक्षा 17 मार्च को सुबह 9 बजे से महाविद्यालय में होगी।